आज की जनधारा

epaper www.aajkijandhara.com | email:aajkijandhara@gmail.com | वर्ष : 27 | अंक : 89 | रायपुर, शनिवार 20 जनवरी 2018 | माघ शुक्ल पक्ष- 4 वि.सं. 2074 | पृष्ठ : 12 | फोन : 0771-4023793, फैक्स : 0771 4039567 ❁❁❁ मूल्य: 2.00 ₹

आप के 20 विधायकों की सदस्यता हुई रद्द

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने लाभ के पद मामले में दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के 20 विधायकों को अयोग्य घोषित किया है। आयोग अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भेजेगा। अब सबकी नजरें राष्ट्रपति पर हैं, जो इस मामले पर अंतिम मुहर लगाएंगे। वह अगर आयोग की अनुशंसा पर इन विधायकों को अयोग्य घोषित करने का आदेश जारी करते हैं, तो दिल्ली में इन सीटों पर दोबारा चुनाव की नौबत आ सकती है। हालांकि यह तय है कि 20 विधायकों की सदस्यता चले जाने की स्थिति में भी 67 सीटों के बंपर बहुमत के साथ सत्ता में आई केजरीवाल सरकार बची रहेगी।

चुनाव आयोग ने दिया फैसला

आम आदमी पार्टी ने इस मामले में चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त पर पलटवार किया है। आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त अचल कुमार जोति का 23 जनवरी को जन्मदिन है। वह 65 साल के हो रहे हैं। जोति रिटायर होने से पहले पीएम मोदी का कर्ज उतारना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग में आप के किसी विधायक की गवाही नहीं हुई है। शुक्रवार को चुनाव आयोग की टॉप मीटिंग के बाद इस बारे में राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेजने का फैसला हुआ। मामले की जांच राष्ट्रपति के निर्देश पर ही हो रही थी।

दिल्ली हाईकोर्ट से आप को झटका

चुनाव आयोग की ओर से अपने 20 विधायकों को अयोग्य ठहराने की सिफारिश के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंची आम आदमी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। मामले में आप के विधायकों को कड़ी फटकार लगाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि आप वक्त रहते चुनाव आयोग के पास नहीं गए और नोटिस का जवाब तक नहीं दिया। आप चुनाव आयोग के संपर्क में क्यों नहीं रहे? कोर्ट ने कहा कि जब आप बुलाने पर भी नहीं गए, तो अब आयोग मामले पर फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

हालांकि आप इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दे सकती है। चुनाव आयोग ने आप के 21 विधायकों को लाभ का पद मामले में कारण बताओ नोटिस दिया था। इस मामले में पहले 21 विधायकों की संख्या थी, लेकिन जरनैल सिंह पहले ही पार्टी से इस्तीफा दे चुके हैं। ⏮शेष पृष्ठ 10 पर

चुनाव आयुक्त पर हमला: पीएम मोदी का कर्ज उतार रहे हैं जोति - आप

लाभ के पद को लेकर पार्टी के 20 सदस्यों की सदस्यता रद्द किए जाने पर आप ने इस मामले में चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त पर पलटवार किया है। आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त अचल कुमार जोति का 23 जनवरी को जन्मदिन है। वह 65 साल के हो रहे हैं। जोति रिटायर होने से पहले पीएम मोदी का कर्ज उतारना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग में आप के किसी विधायक की गवाही नहीं हुई है। आप नेता आशुतोष ने ट्वीट किया कि चुनाव आयोग को पीएमओ का लेटर बॉक्स नहीं बनना चाहिए। लेकिन आज यही हकीकत है। मेरे जैसा व्यक्ति जिसने रिपोर्टर के तौर पर टी.एन शेषन (पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त) के जमाने में चुनाव आयोग को कवर कर चुका है, आज मैं कह सकता हूं कि चुनाव आयोग कभी भी इस निचले स्तर को नहीं छुआ था। दुखद।

विधानसभा का बजट सत्र 5 फरवरी से, अब तक साढ़े 15 सौ से अधिक सवाल

रायपुर। अगले महीने की 5 तारीख से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र के लिए अब तक विधायक 1568 सवाल लगा चुके हैं। इसमें 8सौ तारांकित और 768 अतारांकित हैं। सवाल लगाने में विपक्षी दल के साथ ही बड़ी संख्या में सत्तार्ढ़ पार्टी के विधायक भी शामिल है। मौजूदा सरकार का यह अंतिम बजट है, इस वजह से इसके खास होने की संभावना जताई जा रही है। बजट सत्र की शुरुआत 5 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। बजट 8 फरवरी को प्रस्तुत किया जा सकता है। इससे पहले 6 फरवरी को सरकार चालू वित्तीय वर्ष का चौथा अनुपूरक बजट भी पेश कर सकती है। सत्र 28 फरवरी तक यानी 24 दिन तक चलेगा इस दौरान सदन की 17 बैठकें होंगी। 14 फरवरी को महाशिवरात्रि की वजह से अवकाश रहेगा। वहीं, शनिवार-रविवार की वजह से छह दिन कार्यवाही नहीं होगी। बजट प्रस्तुत किए जाने की तारीख अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

नौकरी, डोकलाम और रेप की घटनाओं से कैसे निपटेंगे आप?

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मन की बात कार्यक्रम के सहारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने नौकरी, डोकलाम और हरियाणा में रेप की घटनाओं से निपटने को लेकर प्रधानमंत्री से जवाब मांगा है। डोकलाम में चीन के निर्माण कार्यों की रिपोर्टों के बीच राहुल ने डोकलाम को धोखा-लाम कहा। दरअसल, प्रधानमंत्री ने इस साल के पहले मन की बात कार्यक्रम के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि 28 जनवरी को 2018 के पहले मन की बात के लिए आपके सुझाव क्या है? मुझे नरेंद्र मोदी मोबाइल ऐप पर बताइए। प्रधानमंत्री के इसी ट्वीट की तस्वीर के साथ राहुल गांधी ने शुक्रवार शाम को ट्वीट किया कि डियर नरेंद्र मोदी, चूंकि आपने अपने मन की बात कार्यक्रम के लिए कुछ आइडियाज के लिए अनुरोध किया था इसलिए क्या आप हमें बता सकते हैं कि इन मुद्दों पर आपकी क्या योजना है- 1. हमारे युवाओं को रोजगार मिले। 2. धोखा-लाम से चीनियों को बाहर किया जाए। 3. हरियाणा में रेप की घटनाओं को रोका जाए।

मन की बात: राहुल गांधी ने पीएम से पूछा सवाल

गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद से राहुल गांधी सोशल मीडिया पर मोदी सरकार के खिलाफ तीखे हमले कर रहे हैं। दो दिन पहले उन्होंने आधार को लेकर एनडीए सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने अंतर बताते हुए आरोप ⏮शेष पृष्ठ 10 पर

लालू को जेल भेजने वाले सीबीआई जज ने शस्त्र लाइसेंस मांगा

रांची। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद को भ्रष्टाचार के मामले में सजा देने वाले सीबीआई न्यायाधीश ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ-साथ खुद के लिए रिवॉल्वर के लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। न्यायाधीश शिवपाल सिंह ने 6 जनवरी को लालू प्रसाद को साढ़े तीन साल जेल की सजा सुनाई थी। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि सिंह, उनके बेटे और बेटी ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। आवेदन अभी प्रक्रिया में है। इस बीच रांची जिला बार असोसिएशन ने गुरुवार को सीबीआई न्यायाधीश शिवपाल सिंह की अदालत का बहिष्कार करने का फैसला किया। दरअसल, बार इस बात से नाखुश है कि सिंह ने उस वकील को रांची अदालत में समय देने से इनकार कर दिया, जिसके पिता की मृत्यु हुई थी।

हाई-सिक्युरिटी के बावजूद बैंक नोट प्रेस से अफसर ने 90 लाख चुराए

इंदौर। देवास में पुलिस ने एक अफसर को बैंक नोट प्रेस से चोरी करते पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से 90 लाख रुपए के नोट बरामद किए गए हैं। बैग में रखे दो बंडलों में से एक में 26 लाख, जबकि दूसरे में 64 लाख रुपए मिले हैं। आरोपी नोटों को मोजे में छिपाकर प्रेस से बाहर ले जाता था। पुलिस उसे गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने प्लान बनाकर पकड़ा

मोजे में छिपाकर ले जाता था नोट : जानकारी के मुताबिक, सीनियर इंस्पेक्टर मनोहर वर्मा बैंक नोट प्रेस देवास में अफसर हैं। नोटों की हेराफेरी को लेकर मैनेजमेंट ने बैंक नोट प्रेस पुलिस को सूचना दी थी। सूचना के बाद शुक्रवार सुबह पुलिस ने वर्मा के चैंबर और परिसर स्थित निवास पर तलाशी ली। पुलिस को वर्मा की टेबल से 90 लाख रुपए के नोट मिले हैं। वहीं घर से भी लाखों रुपए मिलने की बात कही गई है। मनोहर वर्मा बैंक नोट प्रेस में 1984 से काम कर रहे हैं। इंस्पेक्टर होने की वजह से गेट पर उनकी सख्ती से चेकिंग नहीं होती थी। इसी का फायदा उठाकर वे पिछले तीन महीने से मोजों में 500-500 के नोट छिपाकर ले जा रहे थे।

पुलिस ने की पकड़ने की प्लानिंग : पुलिस के मुताबिक, कुछ समय से मनोहर का बर्ताव अजीब हो गया था। वे टेबल के नीचे कुछ ज्यादा ही झुकने लगा था। ⏮शेष पृष्ठ 10 पर

गवाहों का परीक्षण करने पर्याप्त प्रयास नहीं : सुको

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के 5 मामलों में अभियोजन पक्ष के महत्वपूर्ण गवाहों का परीक्षण करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किये गए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इन मामलों में बरी किए गए लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी करके पूछा था कि क्यों न उनके खिलाफ नये सिरे से मुकदमा चलाने का आदेश दिया जाए।

1984 के दंगा

प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा, न्यायमूर्ति ए. ए.म खानविल्कर और न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ की पीठ ने रिकॉर्ड का अवलोकन किया और कहा कि मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष के मुख्य गवाह को सिर्फ एकबार तलब किया गया और उपस्थित नहीं होने पर साक्ष्य दर्ज किए जाने की प्रक्रिया बंद कर दी गई। पीठ उच्च न्यायालय के पिछले साल 29 मार्च के आदेश के खिलाफ दिल्ली के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव द्वारा दायर की गई अपील पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायालय ने यादव और सिख विरोधी दंगों के 5 मामलों में बरी किये गए अन्य लोगों को नोटिस जारी किया था। यादव के अतिरिक्त पूर्व पार्षद बलवान खोखर समेत 10 अन्य बरी किए गए लोगों को दिल्ली छावनी क्षेत्र में 1 और 2 नवंबर 1984 को हुई दंगे की घटनाओं के संबंध में दायर शिकायतों पर नोटिस जारी किया गया था। उच्च न्यायालय ने उनसे जवाब मांगा था कि क्यों न जिन मामलों ⏮शेष पृष्ठ 10 पर

आनंदीबेन पटेल मध्यप्रदेश की नई राज्यपाल होंगी

नई दिल्ली। गुजरात की पूव मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल को मध्यप्रदेश की नई राज्यपाल नियुक्त किया गया है। अभी राज्यपाल का प्रभार गुजरात के राज्यपाल ओमप्रकाश कोहली संभाल रहे थे।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान आनंदीबेन पटेल ने चुनाव लड़ने से इंकार कद दिया था। इसके बाद से ही उन्हें नया दायित्व दिए जाने को लेकर अटकलें तेज हो गई थी। आनंदीबेन पटेल का जन्म 21 नवम्बर 1941 को हुआ। वे गुजरात की पहली महिला मुख्यमंत्री बनी। वे 1998 से गुजरात की विधायक रही। आनंदी बेन 1987 से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी हैं और गुजरात सरकार में सड़क और भवन निर्माण, राजस्व, शहरी विकास और शहरी आवास, आपदा प्रबंधन और वित्त आदि महत्वपूर्ण विभागों की काबीना मंत्री का दायित्व निभा चुकी हैं। वे गुजरात की राजनीति में लौह महिला के रूप में जानी जाती हैं।

संतों ने की सीएम योगी से राम मंदिर निर्माण की मांग

इलाहाबाद। प्रयाग माघ मेला स्थित विश्व हिंदू परिषद के शिविर में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने जब संतों ने राम मंदिर निर्माण की मांग उठाई तो उन्होंने कहा कि जब सारे काम अपने आप हो रहे हैं तो फिर संत मांग क्यों रख रहे हैं, सारे काम अपने आप होंगे। उन्होंने संतों को विश्वास दिलाने की कोशिश की कि वह बदले नहीं हैं। वहां आयोजित संत सम्मेलन और धर्म संसद में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप भी उनकी तरह काम करना चाहते हैं, यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है। सीएम ने मेले में तैयारियों का जायजा भी लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार में सारे काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही सारे अवैध बूचड़खाने बंद हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली। जब सारे काम अपने आप हो रहे हैं तो फिर संत मांग क्यों रख रहे हैं? उन्होंने कहा कि अपनी सरकार से मांग नहीं रखी जाती। सारे काम अपने आप होंगे। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि हम वही हैं, जो पहले थे। बदले नहीं हैं। मुख्यमंत्री के संबोधन से पहले संतों ने राम मंदिर निर्माण की मांग मंच से उठाई थी। संतों ने कहा कि अब देश और प्रदेश में अनुकूल माहौल है तो रामजन्म भूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए।

अपने-आप होंगे सारे कामः आदित्यनाथ

बांटने वाली शक्तियों से बचकर रहें : सीएम ने लोगों से ऐसे ⏮शेष पृष्ठ 10 पर

लखनऊः छात्र को चाकू मारने वाली छात्रा को मिली अंतरिम जमानत

लखनऊ। लखनऊ के ब्राइटलैंड कॉलेज में रेयान स्कूल जैसी वारदात को अंजाम देने वाली आरोपी छात्रा को अंतरिम जमानत मिल गई है। उसने पहली क्लास में पढ़ने वाले मासूम छात्र को चाकू वार कर घायल कर दिया था। इस मामले में गुरुवार को गिरफ्तार किए गए स्कूल प्रिंसिपल को भी जमानत मिल गई थी। लखनऊ के ब्राइटलैंड कॉलेज की 7वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा ने पहली कक्षा के छात्र ऋतिक पर महज़ छुट्टी कराने के लिए जानलेवा हमला कर दिया था। आरोपी छात्रा को शुक्रवार को जुवनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद बोर्ड ने उसे अंतरिम जमानत दे दी। बोर्ड के सामने छात्रा के परिजनों ने जो साक्ष्य दिए, उसके मुताबिक उसकी उम्र महज़ दस साल ग्यारह महीने अट्ठाइस दिन है।

शराबी पिता ने की दो बच्चों की हत्या

जनधारा समाचार

केशकाल। घरेलू विवाद के चलते बिती रात एक शराबी पिता ने अपने ही दो मासूम बेटों को धारदार हथियार से वार करता गया और मौत घाट उतारा। शराब पीने से मना करने पर पिता को गुस्सा आया और पिता ने पत्नी को घर से भगाकर बच्चों को मौत के घाट उतार दिया है।

आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दोनो बेटे पर धारदार हथियार से 15 से 20 बार वार किया : प्राप्त जानकारी अनुसार बडेराजपुर ब्लाक के ग्राम कोसमी निवासी फूलचंद सलाम पत्नी समता बाई सलाम के साथ मामूली सी बात को लेकर विवाद हो गया। झड़प इतना कि फूलचंद ने अपने पत्नी को जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया। पत्नी को मौत के घाट उतारने की धमकी देकर घर से भगाने के बाद जब उस शराबी पिता का गुस्सा शांत नहीं हुआ और इतना में जी नही भरा तो फूलचंद सलाम ने बिस्तर में सो रहे दोनो मासूम बेटे भुनेश्वर कक्षा चौथी उम्र 9 वर्ष व भूपेंद्र कक्षा छटवीं उम्र 11वर्ष में पढ़ाई करने वालो अपने ही दोनों बेटों को धारदार हथियार से 15 से 20 बार वार कर दिया जिसके चलते मौके पर ही मौत हो गयी।

विश्रामपुरी पुलिस जांच हेतु ग्राम कुसमी पहुंची : रात में ही पत्नी को घर से भगा देने के बाद सुबह पत्नी घर से वापस लौटी तो ये सब देख पत्नी के होश उड़ गए। फिर पत्नी ने आसपास के लोगों को बुलाया और अपने घर वालों को बुलाया जब घर वालो को घटना की जानकारी लगी तो परिवार वालो के साथ पूरा गांव हिल गया। घटना की जानकारी मिलते ही विश्रामपुरी पुलिस भी जांच हेतु ग्राम कुसमी घटनास्थल पहुंच गई।

शराबी पिता की इस करतूत से पूरा गांव सदमें में है : बताया जा रहा है कि आरोपी हत्या कर शराबी पिता मौके से फरार हो गया था जिसे गांव वालो के साथ परिवार वालो ने पकड़ कर पुलिस को सौप दिए मृतक बच्चों का पोस्टमार्टम कर परिवार वालो को सौप दिया गया है। शराबी पिता की इस ⏮शेष पृष्ठ 10 पर

कश्मीर में ग्रेनेड हमला, पांच पुलिसकर्मी घायल

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में शुक्रवार को आतंकियों ने पुलिस पार्टी पर ग्रेनेड हमला किया, जिसमें पांच पुलिसकर्मियों समेत आठ लोग घायल हो गए। ग्रेनेड हमले में पांच वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। फिलहाल, सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए हमलावर आतंकियों को पकड़ने के लिए सघन तलाशी अभियान चला रखा है।

आठ राहगीर भी हुए घायल

हमला शुक्रवार शाम करीब चार बजे पुलवामा पुलिस स्टेशन के बाहर हुआ। पुलिसकर्मियों का एक दल थाने के बाहर नाका लगाकर संदिग्ध वाहनों व लोगों की तलाशी ले रहा था। इसी दौरान भीड़ में छिपे आतंकियों ने उन पर ग्रेनेड फेंका, जो जोरदार धमाके के साथ फटा। धमाके में पांच पुलिसकर्मियों के अलावा वहां से गुजर रहे तीन नागरिक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाका इतना जबरदस्त था कि थाना परिसर में खड़े कई वाहनों के अलावा आसपास की ⏮शेष पृष्ठ 10 पर

सागर परिक्रमा दुनिया का चक्कर लगाने निकला महिला नेवी अफसरों का ग्रुप

पार की सबसे मुश्किल केप हॉर्न प्वाइंट

नई दिल्ली। समंदर के रास्ते दुनिया की परिक्रमा पर निकलीं नेवी की 6 महिला अफसरों ने चिली में सफर का सबसे मुश्किल केप हॉर्न प्वाइंट पार कर लिया है। इस मौके पर क्रू मेंबर्स ने तिरंगा फहराया। नेवी स्पोक्सपर्सन ने तस्वीरें ट्वीट कर महिला अफसरों की इस कामयाबी को देश का गौरव बढ़ाने वाला लम्हा बताया। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आईएनएसवी तारिणी की टीम को बधाई दी। नेवी की महिलाओं अफसरों ने दुनिया का चक्कर लगाने के लिए पिछले साल सितंबर में पणजी से यात्रा शुरू की थी। मार्च में टीम मिशन पूरा कर भारत लौटेगी।

मोदी ने कहा- महिला क्रू की कामयाबी पर गर्व : नरेंद्र मोदी ने नेवी अफसरों की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि अद्भुत खबर! खुशी हुई की आईएनएसवी तारिणी ने केप हॉर्न का चक्कर पूरा कर लिया है। हम उनकी उपलब्धियों पर गर्व करते हैं। दूसरी ओर, नेवी के स्पोक्सपर्सन ने ट्वीट में कहा कि तारिणी की टीम ने शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे केप हॉर्न का चक्कर पूरा किया। इस कामयाबी के बाद उन्होंने बोट में तिरंगा फहराया। नेवी ने ट्वीट में बताया कि सेलबोट के केप हॉर्न पार करते समय समुद्र में 70 आईएनएसवी की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही थीं।

क्यों मुश्किल है केप हॉर्न? : सदर्न चिली के पास होर्नोस आइलैंड पर मौजूद केप हॉर्न पर ही एटलांटिक और पैसिफिक ओशियन मिलते हैं। केप हॉर्न में तेज हवाएं, मजबूत बहाव और आइसबर्ग की वजह से इसे शिप्स का कब्रिस्तान कहा जाता है। 1914 में पनामा कैनाल खुलने के बाद केप हॉर्न के आसपास से शिप्स ले जाना कम कर दिया।

सितंबर में रवाना हुई थी तारिणी टीम : 10 सितंबर, 2017 को महिला अफसरों की टीम सागर परिक्रमा पर रवाना हुई थी। डिफेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने गोवा के पणजी में उन्हें हरी झंडी दिखाकर दिखाई थी। ⏮शेष पृष्ठ 10 पर

पद्मावत पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

नई दिल्ली। संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत की रिलीज पर रोक लगाने की एक और कोशिश नाकाम हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने पद्मावत के खिलाफ दाखिल की गई एक याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। मनोहर लाल शर्मा नाम के ऐडवोकेट की तरफ से दाखिल की गई याचिका में सेंसर बोर्ड पर अवैध तरीके से पद्मावत को सर्टिफिकेट जारी करने का आरोप लगाया था। उधर, चार राज्यों में पद्मावत पर लगे बैन को हटाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी इसका विरोध जारी है। करणी सेना ने फिल्म को रिलीज न होने देने और महिलाओं के जौहर की धमकी दी है।



सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा के नेतृत्व में तीन जजों की बेंच ने कहा ⏮शेष पृष्ठ 10 पर

...तो चित्तौड़गढ़ में हजारों महिलाएं करेंगी जौहर : करणी सेना के अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है और जल्द ही राष्ट्रपति से मिलने की कोशिश करेंगे। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा 24 जनवरी को चित्तौड़गढ़ में हजारों महिलाएं जौहर करेंगी। उन्होंने कहा कि जहां आम आदमी को अगली तारीख जानने के लिए महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं, वहीं संजय लीला भंसाली की याचिका पर तुरंत सुनवाई होना सर्वोच्च न्यायालय के कामकाज पर सवाल उठाता है।